FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA
Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

For immediate release

Press Release

FSSAI ने खाद्य व्यापार क्षेत्र में महिलाओं एवं ट्रांसजेंडर्स के लिए विशेष श्रेणी के प्रावधान को लॉन्च किया

New Delhi, September 25, 2023: भारत के खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण)FSSAI) ने खाद्य व्यापार क्षेत्र में महिलाओं और ट्रांसजेंडर उद्यमियों के लिए ऑनलाइन खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली)FoSCoS) पोर्टल में विशेष श्रेणी का नया प्रावधान लॉन्च किया है। इस पहल से लैंगिक समानता और समान अवसरों को बढ़ावा देकर महिलाओं एवं ट्रांसजेंडर उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

इस प्रावधान के तहत, लाइसेंसिंग और पंजीकरण प्राधिकारी नियमित आवेदनों के साथ-साथ एक-से-एक अनुपात में 'विशेष श्रेणी' आवेदनों पर कार्रवाई करेंगे, जिसमें महिलाओं और ट्रांसजेंडर उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन शामिल हैं। इन व्यक्तियों की पहचान आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के दौरान आधार/पैन प्रमाणीकरण के माध्यम से की जाएगी।

यह पहल खाद्य उद्योग के भीतर समावेशिता, विविधता और लैंगिक समानता के प्रति एफएसएसएआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।